धनबाद, शुक्रवार
23 फरवरी 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com







# विज्ञान को राष्ट्र के लिए और उपयोगी बनाएं



डीपीएस आसनसोल में प्रदर्शनी देखते आइएसपी के डीजीएम टीके दास व अन्य • जागरण

**जागरण संवाददाता, आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में गुरुवार को विज्ञान तथा कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल आइएसपी बर्नपुर के महाप्रबंधक (गुणवत्ता) तमाल कांतिदास ने फीता काटकर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र विज्ञान के ज्ञान को मानव एवं राष्ट्र के लिए और अधिक उपयोगी बनाए। उन्होंने छात्रों को विज्ञान एवं तकनीकी के दुरूपयोग एवं इसके दुष्परिणामों के प्रति आगाह भी किया। छात्रों द्वारा वाटर पंप, पेरिस्कोप, फ्लड अलार्म, लेजर सिक्योरिटी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, हाइड्रोलिक लिफ्ट, वैक्यूम क्लीनर, इलेक्ट्रिक जनरेटर जैसे 50 से भी अधिक प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, राहुल प्रसाद, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।